# सत्रांत परीक्षा, 2020-21

## वर्ग - नवम

S

## हिन्दी

समय - 3 घंटे ] [ पूर्णांक - 80

सामान्य निर्देश :-

1. इस प्रश्न पत्र में कुल दो खण्ड हैं अ एवं ब
2. कुछ प्रश्नों में उपप्रश्न दिए गए हैं।
3. सभी प्रश्नों के निर्धारित अंक उनके सामने अंकित है।
4. सभी प्रश्नों के उत्तर क्रमशः देने का प्रयास करें।
5. देय निर्देशों का पालन करते हुए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

### ( खण्ड - अ ) वस्तुपरक प्रश्न

**1. गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उस पर आधारित पूछे प्रश्नों के उत्तर दीजिए - 1×5=5**

सज्जनों की संगति को सत्संगति कहा जाता है अर्थात् साधु-महात्माओं या अच्छे लोगों के साथ चर्चा करना, उठना-बैठना। सत्संगति दो शब्दों का योग है - सत् + संगति। 'सम् + गति' का संधि रूप है, जिसका अर्थ है - समानगति अर्थात् एक साथ रहना, उठना-बैठना आदि। संगति का प्रभाव मानव जीवन पर अवश्य पड़ता है। मनुष्य बुरी संगति में बुरा और अच्छी संगति में अच्छा बन जाता है इसलिए हमें सदैव अच्छी संगति में रहना चाहिए। संगति का प्रभाव अनिवार्य है, तो क्या इससे बचा नहीं जा सकता ? संगति से मनुष्य का जीवन ही बदल जाता है। मनुष्य अपनी स्वयं की संगति से ही जाना जाता है। दुर्जन व्यक्ति के संग मनुष्य को पग-पग पर अपमान सहना पड़ता है। गंगा जैसी निर्मल पवित्र नदी विश्व भर में प्रसिद्ध है। उसका मीठा पानी कितना निर्मल है। समुद्र में मिलकर वह भी खारा हो जाता है। अब बात आई सत्संगति की। सत्संगति मानव की सफलता में बहुत सहायक होती है। सत्संगति वाणी में सच्चाई लाती हैं। सत्संगति बुद्धि की जड़ता को दूर करती है; मनुष्य को सम्मान तथा उन्नति दिलाती है और कीर्ति का चारों दिशाओं में विस्तार करती है। मनुष्य के लिए सत्संगति क्या नहीं करती। सत्संगति मनुष्य को जीवन का महत्व बताती है।

वाल्मीकि के मत से सत्संगति के कारण मृत्यु भी उत्सव जैसी लगती है और आपत्ति के समान प्रतीत होती है। भगवान श्री कृष्ण की संगति से निराश, हताश अर्जुन युद्ध में विजयी हुए।

(क) सत्संगति से अभिप्राय है-

(a) अच्छे लोगों से बोलना (b) बुरे लोगों से दूर रहना

(c) अच्छे लोगों के साथ उठना-बैठना (d) अच्छे लोगों को प्रणाम करना

(ख) मनुष्य पर संगति का प्रभाव क्यों पड़ता है ?

(a) मनुष्य गुलाम हो जाता है। (ii) अनुकरण करना मनुष्य का स्वभाव होता है।

(c) संगति प्रभावशाली होती हैं। (iv) संगति हमें बहुत कुछ सिखाती है।

(ग) निम्नलिखित शब्दों में व्यक्तिवाचक संज्ञा कौन-सी है ?

(a) महात्मा (b) मनुष्य

(c) वाल्मीकि (d) मानवता

(घ) मनुष्य के लिए संगति क्या करती है ?

(a) अच्छे कार्य करती है। (b) जीवन महत्ता पर प्रकाश डालती है।

(c) अच्छा सोचती है। (d) सब कुछ करती है।

(ङ) 'उज्जवल' का विच्छेद उत् + ज्वल है तो 'सज्जन' शब्द का विच्छेद ............... है। (रिक्त स्थान भरिए)

(a) सज् + जन (b) सद् + जन

(c) सत् + जन (d) सत + जन

**2. दिए गए पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उसपर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए - 1×5=5**

यह कैसा कोलाहल, कैसा कुहराम मचा
है शोर डालता कौन आज सीमाओं पर ?
यह कौन हठी जो आज उठाना चाह रहा
हिम मंडित प्रहरी अपनी क्षुद्र भुजाओं पर ?
मैं भारत माँ अपने आँगन में बैठक सुनाती हूँ लोरी
निज नन्हीं-मुन्नी फ़सलों को सहलाती हूँ
जीवन के मीठे मादक गीत सुनाती हूँ
पतझड़ में भी मधुऋतु लाने को आतुर हूँ
रेतीले टीलों पर मधुमास बुलाती हूँ
भाखड़ा बनाती हूँ, नंगल, चंबल के साज सजाती हूँ,

अपनी अमराई में कोयल बन गाती हूँ।
मेरे हर भौरे की साँसों में गुंजन है
हर कली गंध से युक्त और मदमाती है।
फख्ता अमन की उड़ती है मेरे नभ में
यह किसका खूनी पंजा बढ़ता आता है।
यह कौन हठी।
जो बार-बार आकर मेरे दरवाज़े से टकराता है ?
यदि चाह तुम्हें है जीवन की बगिया फूले,
अपनी सीमाओं में रहकर जीना सीखो,
कोलाहल से आतंकित हमें करो मत तुम,
उल्लास भरा ममता का मधु पीना सीखो।
मेरे आँगन से सदा प्यार पाया तुमने
उसके बदले में अँगारे बरसाते हो।
विषधर ! फन फैलाकर आतंकित करते हो
मेरी करूणा का तुम यह मूल्य चुकाते हो ?

(क) पद्यांश में 'हठी' शब्द किसके लिए आया हैं ?

(a) भारतीय (b) शत्रु

(c) जिद्द करने वाला बच्चा (d) बड़ा व्यक्ति

(ख) कौन लोरी सुना रहा है ?

(a) कवि की माँ (b) माँ

(c) भारत माँ (d) शत्रु की माँ

(ग) 'अपनी सीमाओं में रहना सीखो' पंक्ति का अभिप्राय है -

(a) अपने तक सीमित रहना (b) अपने घर में रहना

(c) सीमित जगह पर रहना (d) थोड़ी-सी जगह पर रहना

(घ) भारत माँ के आँगन की क्या विशेषता है ?

(a) भारत माँ सबको खाना देती है (b) भारत माँ सबको रहने की जगह देती है

(c) भारत माँ सबको प्यार करती है (d) भारत माँ सबको डाँटती है

(ङ) कविता का मूल भाव क्या है ?

(a) माँ की मधुर आवाज़ बताना (b) माँ का जागना

(c) शत्रुओं को ललकारना (d) अशोक की वीरता बताना

**3. निम्नलिखित में से 4 प्रश्नों के उत्तर दीजिए :-** **1×4=4**

(क) 'अपयश' में उपसर्ग है।

(a) अप (b) यश

(c) पय (d) श

(ख) 'समाचार' में उपसर्ग है :-

(a) सम् (b) समा

(c) चार (d) स

(ग) प्यास में प्रत्यय है -

(a) आस (b) पी

(c) स (d) प्या

(घ) सर्वहारा में प्रत्यय बताएँ

(a) हारा (b) सर्व

(c) श (d) कोई नहीं

(ङ) दयालु में प्रत्यय बताएँ।

(a) आलु (b) दया

(c) लू (d) लु

**4. इन्हें सुमेलित कर उत्तर सहित पुनः लिखें।** **1×4=4**

| **वाक्य** | **वाक्य भेद** |
|---|---|
| (a) मैं आज नहीं जाऊँगा | (i) संकेत वाचक वाक्य |
| (b) शायद वह आ जाए | (ii) निषेध वाचक वाक्य |
| (c) अगर वह चले, तो मैं अवश्य जाऊँगा | (iii) संदेह वाचक वाक्य |
| (d) क्या तुम पढ़ोगे ? | (iv) प्रश्न वाचक वाक्य |

**5. इनमें निहित अलंकार बताएँ -** **1×4=4**

(क) 'जितने तुम तारे उतने नहीं गगन में तारे'

(a) अनुप्रास　(b) यमक

(c) रूपक　(d) उत्प्रेक्षा

(ख) पायो जी मैंने राम-रतन-धन पायो

(a) रूपक　(b) उपमा

(c) यमक　(d) अनुप्रास

(ग) हाय ! फूल-सी कोमल बच्ची,

(a) उत्प्रेक्षा　(b) यमक

(c) अनुप्रास　(d) उपमा

(घ) नव कंज लोचन कंज मुख
कर कंज पद कंजारूणम् ।।

(a) उपमा　(b) यमक

(c) अनुप्रास　(d) उत्प्रेक्षा

**6. सुमेलित कर पुनः लिखें ।** **1×4=4**

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | देशभक्ति | (i) | अव्ययीभाव समास |
| (b) | नीलकमल | (ii) | द्वन्द्व समास |
| (c) | राजा-रंक | (iii) | कर्मधारय समास |
| (d) | प्रतिदिन | (iv) | तत्पूरूष समास |

## पाठ्य पुस्तक पर आधारित प्रश्न (14 अंक)

**7. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में दीजिए–** **1×5=5**

तुम फोटो का महत्त्व नहीं समझते। समझते होते, तो किसी से फोटो खिंचाने के लिए जूते माँग लेते। लोग तो माँगे के कोट से वर-दिखाई करते हैं और माँगे की मोटर से बारात निकालते हैं। फोटो खिंचाने के लिए तो बीवी तक माँग ली जाती है, तुमसे जूते ही माँगते नहीं बने! तुम फोटो का महत्त्व नहीं जानते। लोग तो इत्र चुपड़कर फोटो खिंचाते हैं जिससे फोटो में खुशबू आ जाए! गंदे-से-गंदे आदमी की फोटो भी खुशबू देती है ?

(क) 'तुम फोटो का महत्त्व नहीं समझते' कथन के माध्यम से लेखक क्या कहना चाहते हैं ?

(ख) फोटो खिंचाने के संबंध में आम लोगों की विचारधारा को अपने शब्दों में लिखिए।

(ग) इत्र चुपड़कर फोटो खिंचाना किस मनोवृत्ति को प्रदर्शित करता है ?

(घ) गंदे-से-गंदे आदमी की फोटो भी खुशबू देती है- इसका क्या आशय है ?

(ङ) "माँगे की मोटर से बारात निकालना" - का क्या आशय है ?

**8. निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर अपना उत्तर अधिकतम एक वाक्य में लिखें - 1×5=5**

क्या ?- देख न सकती जंजीरों का गहना ?
हथकड़ियाँ क्यों ? यह ब्रिटिश-राज का गहना,
कोल्हू का चर्रक चूँ ? जीवन की तान,
गिट्टी पर अँगुलियों ने लिखे गान !
हूँ मोटर खींचता लगा पेट पर जूआ,
खाली करता हूँ ब्रिटिश अकड़ का कुँआ।
दिन में करूणा क्यों जगे, रूलानेवाली
इसलिए राम में गज़ब ढा रही आली ?
इस शांत समय में,
अंधकार को बेध, रो रही क्यों हो ?
कोकिल बोलो तो !
चुपचाप, मधुर विद्रोह-बीज
इस भाँति बो रही क्यों हो ?
कोकिल बोलो तो ?

(क) कवि ने ब्रिटिश राज का गहना किन्हें कहा है ?

(ख) स्वतंत्रता सेनानियों को जेल में क्या-क्या यातनाएँ दी जाती थी ?

(ग) अंधकार को बेधकर कोकिला क्या कर रही है ? कवि उससे क्या जानना चाहता हैं ?

(घ) विद्रोह-बीज में कौन-सा अलंकार है ?

(ङ) कोकिल का 'रोना' किस समय में हो रहा है ?

**9. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प चुनकर लिखिए - 1×2=2**

(क) भोजन न मिलने पर हीरा और मोती ने काँजी हौस में क्या खाया था ?

(a) चाय (b) सिर्फ पानी

(c) दीवार की मिट्टी (d) कुछ भी नहीं

(ख) सालिम अली किसे बचाने का निवेदन करने चौधरी चरण सिंह के पास गए थे ?

(a) गर्म हवा के झोंकों का (b) केरल को

(c) पक्षियों को (d) साइलेंट वैली को

**10. निम्नलिखित प्रश्नों का उत्तर सही विकल्प चुनकर लिखिए - 1×2=2**

(क) बच्चे काम पर जा रहे हैं - कविता में राजेश जोशी ने किस समस्या को उठाया है ?

(a) बच्चों के न खेलने की समस्या (b) बच्चों के लिए स्कूल न होने की समस्या

(c) बड़ों के द्वारा काम न करने की समस्या

(d) बाल मजदूरी की समस्या

(ख) "ओढ़ि पितंबर लै लकटी बन गोपन ग्वारिन संग फिरौंगो" - यह उक्ति किसकी है ?

(a) कृष्ण की (b) ग्वाल-बाल की

(c) गोपियों की (d) गोपी की

**वर्णनात्मक प्रश्न - 20 अंक**

**11. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लगभग 20–30 शब्दों में लिखें - 2×4=8**

(क) एक जूते पर पच्चीसों टोपियाँ न्योछावर होती है, कैसे ?

(ख) हीरा और मोती का काँजीहौस में जाना अन्य पशुओं के लिए वरदान बन गया - कैसे ?

(ग) राहुल सांकृत्यायन किस वेश में ल्हासा गए और क्यों ?

(घ) तहमीना कौन थी ? उन्होने सालिम अली की मदद कैसे की ?

**12. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 60–70 शब्दों में लिखिए - 2×3=6**

(क) 'कबीर सच्चे समाज सुधारक थे' साखियों के आधार पर अपना उत्तर लिखें।

(ख) कवयित्री ललद्यद का प्रयास असफल क्यों हो रहे हैं ?

(ग) रसखान अगले जनम में कहाँ जन्म लेना चाहते हैं और क्यों ?

**13. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही दो के उत्तर 40-50 शब्दों में लिखिए - 3+3=6**

(क) लेखिका मृदुलागर्ग की नानी का व्यक्तित्व कैसा था ? लिखें।

(ख) 'रीढ़ की हड्डी' पाठ का कौन-सा पात्र आपको सबसे अच्छा लगता है और क्यों ?

(ग) 'रीढ़ की हड्डी' पाठ 'दहेज' की समस्या को उठाने वाला पाठ है - कैसे ?

(घ) ''गरीब आदमी का श्मशान नहीं उजड़ना चाहिए'' माटी वाली के इस तर्क से आप कहाँ तक सहमत हैं ? स्पष्ट करें।

## लेखन (20 अंक)

**14. निम्नलिखित में से किसी एक पर 80-100 शब्दों में अनुच्छेद लिखें -** **5**

(क) गलवान घाटी का सच (ख) आदर्श अध्यापक

(ग) आतंकवाद- अंतर्राष्ट्रीय समस्या

**15.** विद्यालय में 'पेय जल' की समस्या पर अपने प्राचार्य को पत्र लिखिए। **5**

**अथवा**

अपने छोटे भाई/बहन को कोराना काल में बरतने वाली सावधानियों का वर्णन करते हुए पत्र लिखें।

**16.** बहुत दिनों बाद अपने स्कूल के साथी (डाक्टर मित्र) से मिलने पर दोनों के बीच हुए संवाद को लिखें। **5**

**17. किसी एक पर 50–60 शब्दों में कहानी लेखन करें -** **5**

(क) मेरी नानी की कहानी (b) घर के आँगन में तुलसी का पौधा

(ग) स्वतः निर्मित कोई कहानी

—×—